# सौदामनी

के वि वि आयोग
CERC

जुलाई – सितम्बर, 2015 | केन्द्रीय विद्युत विनियामक आयोग | खण्ड–I अंक–6


## संदेश



(डॉ. एम.के. अय्यर)
सदस्य

हम सभी जानते हैं कि देश की राष्ट्रीय, सांस्कृतिक और साहित्यिक प्रगति के लिए भाषा की भूमिका सर्वोपरि है। सौदामनी पत्रिका के समस्त अंकों को देखकर मैं अत्यंत प्रसन्नता का अनुभव कर रहा हूं। इस पत्रिका में प्रकाशित सामग्री से प्रत्येक गतिविधि की पृष्ठभूमि, इसके महत्व तथा प्रेरणा स्रोत की एक साथ जानकारी हो जाती है। कामकाज की भाषा के साथ साथ संपर्क की भाषा के रूप में भी हिंदी संपूर्ण राष्ट्र को एक सूत्र में बांधने में समर्थ है। इस पत्रिका में प्रकाशित संपूर्ण सामग्री रोचक, पठनीय एवं ज्ञानवर्द्धक है। सरकारी कामकाज में प्रेरणा, प्रोत्साहन और सद्भाव के द्वारा हिंदी के प्रचार प्रसार को बढ़ावा देने के मूल उद्देश्य को ध्यान में रखकर किया गया यह प्रयास निस्संदेह अत्यंत सराहनीय एवं प्रशंसनीय है। जन–जन के बीच राजभाषा के प्रति जिस गति से जागरूकता उत्पन्न होगी उसी के अनुरूप सरकारी तंत्र में भी उसके प्रति संवेदनशीलता बढ़ती जाएगी।

मुझे पूर्ण विश्वास है कि इस अंक में प्रकाशित सामग्री समस्त स्टाफ के लिए उपयोगी एवं लाभप्रद होगी।

अंक के सफल प्रकाशन के लिए हार्दिक शुभकामनाएं।

## प्रस्तावना



(गीतू जोशी)
प्रमुख – अर्थशास्त्र

यह सचमुच हम सभी के लिए हर्ष और गर्व का विषय है कि हिंदी गृह पत्रिका 'सौदामनी' का छठा अंक प्रकाशित किया जा रहा है। पिछले अंकों को देखकर यह स्पष्ट अनुभव हो रहा है कि इस पत्रिका में न केवल राजभाषा से संबंधित गतिविधियों को प्रकाशित किया जाता है बल्कि प्रत्येक क्षेत्र की गतिविधियों व उपलब्धियों को भी शामिल किया जाता है। निस्संदेह इस पत्रिका का उद्देश्य राजभाषा कामकाज में हिंदी के प्रति रूचि जाग्रत करना और राजभाषा नियमों का पालन करते हुए निर्धारित लक्ष्य प्राप्त करना है और यह प्रत्येक अधिकारी व कर्मचारी का उत्तरदायित्व भी है।

इस पत्रिका में प्रकाशित सामग्री अत्यंत रोचक एवं ज्ञानवर्द्धक है। हम अपने रोजमर्रा के कामकाज में हिंदी के लिखने में संकोच न करें और जैसा बोलते हैं वैसा लिखना आरंभ करें तो कोई व्यवधान आड़े नहीं आएगा। सरकारी कामकाज में आसान हिंदी का प्रयोग करने से हिंदी भाषा की स्थिति सुदृढ़ होगी और इसके प्रयोग में भी वृद्धि होगी। हिन्दी पखवाड़े में आयोजीत विभिन्न प्रतियोगिताओं से भी हिन्दी में काम –काज के वातावरण बनानें में मदद मिलती है।

इस अंक के सफल प्रकाशन के लिए मेरी हार्दिक शुभकामनाएं।

## राजभाषा कार्यान्वयन समिति की तिमाही बैठक

(दिनांक 28.9.2015)

आयोग के स्तर पर गठित राजभाषा कार्यान्वयन समिति की सितम्बर, 2015 को समाप्त तिमाही बैठक दिनांक 28.9.2015 को आयोग की सचिव एवं अध्यक्ष रा.भा.का.स. सुश्री शुभा शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित की गई। इस बैठक में सभी प्रभागों की पिछली तिमाही के दौरान हिंदी प्रगति की जानकारी प्राप्त की गई।

इस बैठक में हिंदी पखवाड़े के दौरान आयोजित प्रतियोगिताओं में बड़ी संख्या में प्रतिभागियों की सहभागिता की सराहना की गई। विचार विमर्श के दौरान मानक मसौदे के अधिकाधिक इस्तेमाल व धारा 3(3) के शतप्रतिशत अनुपालन पर विशेष बल दिया गया। अध्यक्ष महोदया ने तिमाही पत्रिका को उपयोगी बनाने के लिए सभी प्रकार की स्तरीय सामग्री की चयन प्रक्रिया को बेहतर बनाने का निर्देश दिया।

इस बैठक में समिति के सभी सदस्यों ने भाग लिया।



सौदामनी
के वि वि आयोग
CERC
जुलाई – सितम्बर, 2015 केन्द्रीय विद्युत विनियामक आयोग खण्ड–I अंक–6

# केन्द्रीय विद्युत विनियामक आयोग में हिंदी पखवाड़े (दिनांक 01-09-2015-14-09-2015 तक) का आयोजन

केन्द्रीय विद्युत विनियामक आयोग में हिंदी पखवाड़े का आयोजन किया गया। इस पखवाड़े के दौरान दिनांक 01.09.2015 को श्रुतलेख प्रतियोगिता, दिनांक 04.09.2015 को निबंध लेखन और दिनांक 09.09.2015 को गीत गायन प्रतियोगिता आयोजित की गई। इन समस्त प्रतियोगिताओं में कुल 46 प्रतिभागियों ने भाग लिया। श्रुतलेख प्रतियोगिता में राजभाषा नीति से संबंधित पैराग्राफ एवं आयोग में प्रचलित तकनीकी शब्दावली के हिंदी समानांतर शब्दों को लिखवाया गया। निबंध लेखन प्रतियोगिता में ऊर्जा के संकट : चुनौतियां व समाधान, हिंदी हमारी राष्ट्रीय अस्मिता की पहचान है तथा राष्ट्रीय विकास में शिक्षा के महत्व जैसे सामयिक विषयों को शामिल किया गया। इसके साथ ही गीत गायन प्रतियोगिता में राष्ट्र चेतना से जुड़े गीतों को स्वर–लय के आधार पर मूल्यांकित किया गया जिसमें निर्णायक के रूप में संगीत नाटक अकादमी की उपसचिव को भी आमंत्रित किया गया। 14 सितम्बर 2015 को हिंदी दिवस के अवसर पर आयोग की सचिव महोदया के हस्ताक्षर से अपील जारी की गई। इस अपील में समस्त अधिकारियों/कर्मचारियों से अपने संवैधानिक दायित्व को निर्वाह करते हुए अपना समस्त कामकाज हिंदी में करने पर बल दिया गया। समस्त प्रतियोगिताओं में विजेताओं को पुरस्कार प्रदान करने के लिए दिनांक 18.09.2015 को पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित किया गया। इस समारोह में आयोग के माननीय अध्यक्ष महोदय एवं सदस्य महोदय द्वारा पुरस्कार विजेताओं को शील्ड/प्रमाण पत्र एवं नकद राशि प्रदान की गई। इसके साथ ही प्रतियोगिताओं में भाग लेने वाले समस्त प्रतिभागियों को प्रशंसा पत्र भी प्रदान किए गए। आयोग की माननीय सचिव महोदया ने राजभाषा के प्रयोग में उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए राजभाषा कार्यान्वयन समिति के निर्णयों के बारे में संक्षिप्त जानकारी प्रदान की। इस अवसर पर आयोग के अध्यक्ष महोदय ने अपने अध्यक्षीय वक्तव्य में समस्त स्टाफ को हिंदी में अधिकाधिक कार्य करने का आह्वान किया। इस पुरस्कार वितरण समारोह में आयोग के समस्त वरिष्ठ अधिकारियों एवं प्रत्येक स्तर के स्टाफ ने हिस्सा लिया। पुरस्कार वितरण समारोह का संचालन सहायक प्रमुख (प्रशासन) एवं राजभाषा अधिकारी द्वारा सफलतापूर्वक संपन्न किया गया।

## आयोग में विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन एवं पुरस्कार वितरण समारोह









# सौदामनी

के वि वि आयोग
CERC

जुलाई – सितम्बर, 2015 | केन्द्रीय विद्युत विनियामक आयोग | खण्ड–I अंक–6








## केन्द्रीय विद्युत विनियामक आयोग का स्थापना दिवस की सत्रहवीं वर्षगांठ 24 जुलाई 2015

केन्द्रीय विद्युत विनियामक आयोग ने 24 जुलाई 2015 को सत्रहवीं वर्षगांठ मनाई। माननीय श्री पीयूष गोयल, राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार), ऊर्जा, कोयला तथा नवीन एवं नवीकरणीय ने इस समारोह की अध्यक्षता की एवं माननीय श्री एम.जे.अकबर, सांसद (राज्यसभा) ने वार्षिक दिवस व्याख्यान दिया। इस अवसर पर सुश्री शुभा शर्मा, सचिव ने पिछले एक वर्ष में केन्द्रीय विद्युत विनियामक आयोग की उपलब्धियों को रेखांकित किया। माननीय अध्यक्ष के.वि.वि.आ. ने अपने अभिभाषण में सर्वप्रथम माननीय मंत्री श्री पीयूष गोयल एवं माननीय सांसद श्री एम.जे.अकबर का स्वागत किया और रेखांकित किया कि यद्यपि आयोग अर्द्धन्यायिक निकाय है तथापि यह सरकार की नीतियों व प्राथमिकताओं को पूर्ण मान्यता देता है और समुचित विनियामक प्रोत्साहन प्रदान करने में सरकार से सामंजस्य स्थापित करने का पूर्ण प्रयास करता है। वार्षिक दिवस व्याख्यान के प्रमुख वक्ता श्री एम.जे.अकबर ने हमारे रोजमर्रा के जीवन में विद्युत के महत्व को एवं विद्युत क्षेत्र की क्रान्तिकारी भूमिका को रेखांकित किया। उन्होंने कार्य में उत्पादकता को बढ़ाने, नौकरियों के सृजन, गरीबी उन्मूलन तथा ज्ञान के विस्तार में विद्युत क्षेत्र की प्राथमिकताओं व चुनौतियों का सम्यक विश्लेषण किया। अपने अध्यक्षीय वक्तव्य में माननीय श्री पीयूष गोयल, राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) विद्युत, कोयला एवं नवीन तथा नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री ने के.वि.वि.आ. के 17 वर्ष पूरा होने एवं देश की सेवा में महत्वपूर्ण योगदान की प्रशंसा की और विकासकर्त्ताओं तथा उपभोक्ताओं के बीच समन्वय के लिए विनियामक के महत्व को रेखांकित किया। उन्होंने देश में विनियामक भूमिका के सफलतापूर्वक निर्वाह के लिए भी सराहना की आयोग के नये प्रतीक चिह्न(लोगो) का भी अनावरण किया। यह प्रतीक चिन्ह 17 वर्ष की यात्रा में विधुत विनियमयों की परिवर्तित भूमिका को दर्शाता हैं। यह नया प्रतीक चिन्ह प्रमुख रूप सें के वि वि आयोग की वर्तमान भूमिका की प्रतीकात्मकता को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है।

## स्थापना दिवस समारोह की कुछ महत्वपूण झलकियां







# सौदामनी

के वि वि आयोग
CERC

जुलाई – सितम्बर, 2015 केन्द्रीय विद्युत विनियामक आयोग खण्ड–I अंक–6


## कंप्यूटर प्रणाली में हिंदी टंकण (यूनिकोड) का प्रशिक्षण

कार्यालय में समस्त अधिकारियों / कर्मचारियों को चरणबद्ध रूप से कंप्यूटर प्रणाली में हिंदी के प्रयोग को सरल बनाने के उद्देश्य से दिनांक 26 एवं 28 अगस्त 2015 को समुचित प्रशिक्षण प्रदान किया गया। इस कार्यक्रम का उद्घाटन करते हुए कार्यालय के प्रमुख (इंजीनियरिंग) श्री ए के सक्सेना ने कंप्यूटर प्रणाली में हिंदी के प्रयोग की महत्ता को रेखांकित किया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम को प्रभावी एवं सफल बनाने के लिए ई आर्यन साफ्टवेयर लिमिटेड से विशेषज्ञों को आमंत्रित किया गया। इस प्रशिक्षण में कुल 18 अधिकारियों / कर्मचारियों ने भाग लिया एवं रोजमर्रा के कार्य में होने वाली कठिनाइयों पर मुक्त रूप से विचार विमर्श किया। आमंत्रित वक्ताओं ने अपने व्यवहारिक अनुभवों से प्रशिक्षण में भाग लेने वाले समस्त प्रतिभागियों की समस्याओं का समाधान किया एवं यूनिकोड के महत्व पर प्रकाश डाला।



कंप्यूटर प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए श्री ए.के.सक्सेना प्रमुख (इंजी)


**संरक्षक**
ए.के.सिंघल
सदस्य

www.cercind.gov.in

**संपादक मंडल**
शुभा शर्मा, सचिव
पी. राममूर्ति, सहायक सचिव
राजेन्द्र प्रताप सहगल
राजभाषा अधिकारी



कृपया इस पते पर अपनी प्रतिक्रिया भेजें :
**केन्द्रीय विद्युत विनियामक आयोग**
भूतल, चन्द्रलोक बिल्डिंग, 36 जनपथ,
नई दिल्ली–110001
**Email : info@cercind.gov.in**



इस पत्रिका में व्यक्त विचार लेखक के अपने है और इससे के.वि.वि.आ. की सहमति अनिवार्य नही है।